आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनमानस से मतदान की अपील की जा रही है। इस क्रम में वाराणसी में आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हाथों में मेहंदी लगाकर लोगो को जागरूक किया। उधर, मथुरा के बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त ने विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता को लेकर बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। इसी क्रम में चित्रकूट जिला में आज मतदाता जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को उन्नीस अप्रैल को मतदान करने के लिये शपथ भी दिलायी गयी। इसी क्रम में हरदोई, और अमरोहा में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

****

लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान जोरों पर है। इस क्रम में विभिन्न संगठनों की ओर से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जनसभाओं का आयोजन कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर में लोकसभा प्रत्याशी संजीव बालियान और संगीत सोम के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें व्यक्तिगत मतभेदों को दरकिनार करते हुए देश के बारे में सोचना है। देश और राष्ट्र धर्म से बढ़कर हमारे लिये कुछ नहीं हो सकता। हमें वह सरकार चाहिए जो कांवड़ यात्रा चला सके। कर्फ्यू लगाने वाले लोग हमें नहीं चाहिए। वहीं बुलंदशहर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये हुए सभी वादों को पूरा किया है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिये आज प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की है। जिसमें उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। जिनमें कौशांबी से विनोद सोनकर, मैनपुरी से मंत्री जयवीर सिंह, बलिया से नीरज शेखर, इलाहाबाद से केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी, गाजीपुर से पारसनाथ राय, मछली शहर से बीपी सरोज, फूलपुर से प्रवीण पटेल को टिकट दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संदेश के माध्यम से घोषित प्रत्याशियों को जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

****

समाजवादी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह घोषणा पत्र विजन डॉक्युमेंट के नाम से जारी किया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट का मुख्य उद्देश्य समानता का अधिकार, न्याय का अधिकार, संविधान बढ़ाने का अधिकार, लोकतंत्र का अधिकार, फ्रीडम का अधिकार है। आगामी चुनाव में इण्डिया गठबंधन एतिहासिक जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना बहुत जरूरी है और समय पर जातीय जनगणना होनी चाहिए। इसके लिये हमारी सरकार आवश्यक कदम उठायेगी।

****

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से दुनिया भर के रामभक्त अपने आराध्य के दर्शन के लिये उमड़ रहे हैं। इस दौरान रामभक्तों के द्वारा उन्हें अपनी श्रद्धा के अनुसार तरह तरह के अनुपम उपहार भेंट किए जा रहे हैं।

इस क्रम में आज पूर्व आईपीएस सुब्रमण्यम लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई से बनी सोने का रामचरित मानस भेंट किया है। पांच करोड़ की लागत से निर्मित इस रामचरित मानस का वजन एक सौ इक्यावन किलो है। इस रामायण को तैयार करवाने में चार किलो सोना और एक सौ चालीस किलो तांबा का इस्तेमाल हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया अब रामलला के गर्भगृह में श्रद्धालु सोने के रामचरित मानस का भी दर्शन कर सकेंगे। इसका निर्माण चेन्नई के प्रसिद्ध वुममिडी बंगारू ज्वेलर्स ने किया है। इस रामायण को रामलला मंदिर के गर्भगृह में उनके आसन से करीब पन्द्रह फुट दूर स्थापित किया गया है। इस रामचरित मानस में अंकित श्लोक चौदह गुणे बारह इंच आकार के है।

****

प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों पर नवरात्र का मेला अपने चरम पर है। आज माँ भगवती के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की उपासना की जा रही है। मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल स्थित शक्तिपीठ माता विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर, बलरामपुर जिले के देवीपाटन स्थित माता पाटेश्वरी देवी मंदिर और नैमिषारण्य स्थित माता ललिता देवी मंदिर पर लगे चैत्र नवरात्र मेलो में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। वाराणसी के दुर्गाकुण्ड सहित सभी देवी मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पूर्वी जिलों में स्थित शक्तिपीठों और देवी मंदिरों पर लगे नवरात्र मेलों में भारी संख्या में लोग एकत्र हो रहे हैं।

****

गोरखपुर जिला में आज झूलेलाल जयंती और सिन्धी भाषा दिवस के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा वाहन रैली निकाली गई। रैली विकास नगर से आरम्भ हो कर गोरखनाथ झूलेलाल मंदिर होते हुए जटाशंकर लक्ष्मी सत्संग भवन पर पहुंचा। जहां आरती और अरदास कर रैली का समापन हुआ।

****